63/2018

online
2018/00314

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी श्रीमाधोपुर (सीकर)

क्रमांक/राजस्व/2018/7880 दिनांक:—31.10.2018

तहसीलदार
श्रीमाधोपुर।

आदेश

माननीया मुख्यमंत्री महोदया द्वारा बजट घोषणा 2015—16 के परिप्रेक्ष्य राजस्व (ग्रुप—6) विभाग राज0 जयपुर के परिपत्र प. 3 (2) राज—6/2003 /पार्ट/जयपुर दिनांक 10.08.2016 एवं श्रीमान जिला कलक्टर सीकर के पत्रांक राजस्व/16/2619—44 दिनांक 16.08.2016 एवं पत्रांक 4328—53/राजस्व /2016 दिनांक 02.11.2016 की पालना में तहसीलदार श्रीमाधोपुर द्वारा मिजवाई गई रिपोर्ट के अनुसार रास्तों का राजस्व अभिलेख में अंकन करने हेतु प्रस्ताव मय नक्शा ट्रेस भिजवाया गया है। प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। मुताबिक प्रस्ताव रास्ता प्रचलित है तथा वर्तमान में मौके पर प्रचलित रास्ता चालू है। प्रचलित रास्ता श्रीमाधोपुर—अजीतगढ़ सड़क से ग्राम मुण्डरू की रैगर बस्ती में जाता है। उक्त रास्ता निजी हित में नहीं है। सार्वजनिक हित में काम आ रहा है। उक्त रास्ते हेतु खातेदारान् में से अधिकांश खातेदारान् ने रास्ता कटाने हेतु अपनी—अपनी सहमति अंकित है। आवागमन हेतु सार्वजनिक उपयोग में आने से तहसीलदार श्रीमाधोपुर द्वारा प्रस्तावित दर्शित रक्बे को रास्ते के रूप में दर्ज किए जाने बाबत अभिशंषा की है।

अतः राजस्थान भू राजस्व अधिनियम की धारा 131 एवं 132 तथा भू राजस्व अभिलेख नियम 1957 के नियम 58, 59, 60 एवं 86 की प्रावधानों के अनुसार तहसीलदार श्रीमाधोपुर से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार संलग्न सूची व नक्शा ट्रेस में पूर्व से डोटेड लाईन से अकिंत/दर्ज चारागाह भूमि में से प्रस्तावित रास्ते को गैर मुमकिन रास्ता के रूप दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार श्रीमाधोपुर को संलग्न प्रस्ताव एवं नक्शा ट्रेस की प्रति भेजकर आदेश दिये जाते है कि निम्न खसरा नम्बरान् की कृषि भूमियों बाबत राजस्व अभिलेख में जरिये नामान्तकरण रास्ते के पृथक खसरा नम्बर अंकित करते हुए रास्ते के रकबे की किस्म गैर मुमकिन रास्ता दर्ज किया जावे। गै.मु. रास्ते में आने वाली भूमि का लगान कम किया जावें एवं नक्शे में उक्तानुसार तरमीम की जावें। गैर मुमकिन रास्ते की भूमि सम्बन्धित खातेदार के खाते में ही रहेगी। तहसीलदार श्रीमाधोपुर द्वारा भेजा गया प्रस्ताव एवं नक्शा ट्रेस आदेश का भाग रहेंगे।

क्र. स.	नाम पटवार मण्डल	राजस्व ग्राम	खसरा न.	रकबा	रकबा जो रास्ते में काम आ रहा है।
1.	मूण्डरू	मूण्डरू	2864	1.16 हैक्टर बारानी 3	0.0370 हैक्टर
2.	मूण्डरू	मूण्डरू	2872	1.53 हैक्टर बारानी 2	0.0470 हैक्टर

संलग्नः— प्रस्ताव मय नक्शा ट्रेस।

(ब्रहमलाल जाट)
उपखण्ड अधिकारी
श्रीमाधोपुर (सीकर)

Scanned by CamScanner